कार्यालयः—अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

आदेश संख्या/सेवा.अराज./ 19 /3क(2)/विज्ञप्ति/2018–19/ दिनांक 03/12/2018

कार्यालय ज्ञाप

गढ़वाल मण्डलान्तर्गत स्नातक वेतनक्रम में नियुक्ति हेतु **विज्ञप्ति वर्ष 2014** के क्रम में **उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद** के पत्र दिनांक 17.10.2018 द्वारा एवं **विज्ञप्ति वर्ष 2017** के क्रम में **उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग** के पत्र दिनांक 25.10.2018 द्वारा 60 % सीधी भर्ती परीक्षा एवं 10 % विभागीय लिखित परीक्षा के अन्तर्गत (सामान्य शाखा/महिला शाखा) चयनित अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध कराई गयी है। सम्बन्धित अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक/नाम अन्य विवरण विभागीय वेबसाइट **www.schooleducation.uk.gov.in** पर उपलब्ध है। अतः चयनित अभ्यर्थी निम्न तालिकानुसार काउन्सिलिग हेतु निर्धारित तिथियों को **प्रातः 11:00 बजे** समस्त मूल शैक्षिक/प्रशिक्षण/अन्य प्रमाण पत्रों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अभिलेख सत्यापन हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञप्ति वर्ष 2014			
क्र.सं.	**विषय**	**चयन का प्रकार**	**अभिलेख सत्यापन की तिथि**
1	2	3	4
1.	समस्त विषय	60 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत (सामान्य/महिला)	दिनांक 17 दिसम्बर, 2018

विज्ञप्ति वर्ष 2017			
क्र. सं.	**विषय**	**चयन का प्रकार**	**अभिलेख सत्यापन की तिथि**
1	2	3	4
1.	हिन्दी	60% (शाखा–सामान्य/महिला)	दिनांक 18 एवं 19 दिसम्बर, 2018
2.	कला	60% (शाखा–सामान्य/महिला)	दिनांक 20 एवं 21 दिसम्बर, 2018
3.	उर्दू/अंग्रेजी/गणित/व्यायाम/संस्कृत/गृह विज्ञान/वाणिज्य/संगीत	60 % (शाखा–सामान्य/महिला)	दिनांक 22 दिसम्बर, 2018
4.	हिन्दी/अंग्रेजी/वाणिज्य/कला/गृह विज्ञान	10 % (शाखा–सामान्य/महिला)	दिनांक 23 दिसम्बर, 2018

(महावीर सिंह बिष्ट)
मण्डलीय अपर निदेशक (मा.शि.)
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

पृ0सं0/ सेवा.अराज./ 230-232 /3 क (2)/विज्ञप्ति/2018–19/दिनांक उक्तांकित।

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. एम.आई.एस. प्रभारी, कार्यालयः–महानिदेशक, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा, देहरादून को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति एवं संलग्न चयनित अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक की सूची को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के संस्करण (उत्तराखण्ड) में **(08 X 10 c.m. भाग में)** सःशुल्क विज्ञापित करने का कष्ट करें तथा भुगतान हेतु बिल भी प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

3.12.18

(महावीर सिंह बिष्ट)
मण्डलीय अपर निदेशक (मा0शि0)
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी।

Scanned by CamScanner